हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 25 मार्च 2026

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर


तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 20.0 डिग्री


13 आदिवासियों के मसीहा थे महाराजा प्रवीर



14 मंत्री केदार कश्यप ने मुरकुची और पखना कोंगेरा में दी सौगात




## नवरात्रि विशेष



### सप्तमी : कालरात्रि

माता दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि नाम से विख्यात है। सातवें नवरात्रि की मां कालरात्रि के पूजन का विधान है। मां का यह स्वरूप अत्यंत भयानक है। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में बिजली की भांति चमकने वाली माला है। लेकिन मां का यह रुप सदैव शुभ फल देने वाला है। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी भी है। मां कालरात्रि अपने भक्तों को दुष्टों से बचाने वाली है। कालरात्रि मां ग्रह बाधा को दूर भगाती है। मनुष्य को मन से कालरात्रि की अवश्य करना चाहिए। मां कालरात्रि उपर से उठे हुए दाहिने हाथ अभयमुद्रा में है। बांया तरफ के उपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खडग है। माता के इस रुप की पूजा करने वाले भक्त का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। मां की पूजा मात्र से भक्तों के सारे कष्ट दूर होने लगते हैं। उसके लिए ब्रह्मांड की संपूर्ण सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इनकी पूजा- करने वाले को अग्नि भय,जल भय, शत्रु भय, रात्रि भय कभी नहीं होते। इन मां की कृपा से भक्त सर्वथा भय से दूर रहता है। मां कालरात्रि भक्तों को सदैव सुख देने वाली है। इनकी उपासना का श्लोक है-

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी ।।

# पाकिस्तान के हिंगोल पर्वत की गुफा से पवित्र जल लाएंगे आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

प्राचीन भारतीय अखंड भारत के गौरवशाली इतिहास को समेटे माता हिंगलाज भवानी का मंदिर बलूचिस्तान पाकिस्तान में है। जहां हिंदू बल्कि मुसलमान भी नानी मां के नाम से पूजा करते हैं । इस हिंगोल पर्वत के पवित्र गुफा से माता हिंगलाज भवानी के मूल मंदिर पाकिस्तान से पवित्र जल बस्तर के प्राचीन हिंगलाजिन मंदिर बेड़ा गांव सोनपुर पंचायत में लाएंगे । शदाणी दरबार रायपुर में सिंध क्षेत्र के रहने वाले अनुयायी हिंगलाज माता के भक्त हैं। रायपुर स्थित शदाणी दरबार सिंधियों का एक पवित्र धार्मिक स्थल है जिसके पीठाधीश्वर के रूप में नवम ज्योति संत युधिष्ठिर लाल महाराज विराजित हैं । जिनकी गणना भारत एवं विदेशों में सिंधी समाज के प्रमुख संत के रूप में होती है। जिनके नेतृत्व में प्रत्येक वर्ष हिंगलाज माता के दर्शन के लिए भारतीय जत्थे पाकिस्तान की यात्रा करते है, जहां मां का दर्शन लाभ प्राप्त करते हैं। अजय सिंह बैस के आमंत्रण पर पाकिस्तान में स्थित माता के पवित्र गुफा और हिंगोल नदी का जल लेकर संत युधिष्ठिर लाल 25 मार्च को आएंगे। वे पवित्र जल पुजारियों एवं बैस परिवार को प्रदान करेंगें, जिससे बेड़ागांव के हिंगलाजिन माता का अभिषेक कर जल को संरक्षित रखा जाएगा। संत के आगमन पर भव्य स्वागत ग्राम बस्तर में सर्व समाज एवं सिंधी समाज ▶▶| शेष पेज 12 पर

अलग खबर

### 300 साल के इतिहास में पहली बार हिंगलाजिन शक्तिपीठ से पवित्र जल लाया जाएगा बस्तर

#### मां शारदा की संगमरमर की प्रतिमा आज स्थापित होगी

मां भगवती शारदा की सफेद संगमरमर से निर्मित महासरस्वती की इस प्रतिमा को अपने माता उर्मिला रानी सिंह की स्मृति में अजय सिंह बैस ने भेंट किया है। वहीं सतेंद्र सिंह बैंस सागौन से निर्मित झूला, सिंहासन एवं पलंग समर्पित करेंगे। कोंडागांव निवासी प्रतिभा सिंह ने दो विशाल सिंह की प्रतिमाएं एवं नगरी निवासी प्रभा राठौर ने मंदिर द्वार रक्षक भेंट किया है।






#### शहादत दिवस कार्यक्रम में संत होंगे शामिल

मंदिर के दर्शन उपरांत संत जगदलपुर में महाराजा प्रवीर चंद्र भंजदेव के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित कर राजपरिवार से सौजन्य भेंट राजमहल में करेंगे। तत्पश्चात सिंधी समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे।

**केदार और विधायक ने लिया दर्शन लाभ :** नवरात्रि महोत्सव एवं प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप, विधायक चैतराम अटामी, पूर्व विधायक लच्छू राम कश्यप, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा दर्शन कर चुके है। मंदिर की ओर से बैद्य पुजारी परिवार अर्जुन बैद्य, चैन बैद्य, चंद्रसेना दीवान, लखन कश्यप, टिंकू सेठिया, हेमसागर, डोलाहा पुजारी, मांझी चालकी, सेवादार कार्यरत हैं।

युवक कांग्रेस का प्रदर्शन

# आरटीओ व तहसीलदार के सामने नोटों से भरा बैग रखकर कहा- सुरक्षित परिवहन के लिए कितना कमीशन चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- परिवहन व्यवस्था चरमराने, आरटीओ में कमीशनखोरी व माफिया के आतंक का लगाया आरोप

बस्तर चरमरा चुकी परिवहन व्यवस्था, आरटीओ की खुली कमीशनखोरी और बस माफियाओं के बेलगाम आतंक के खिलाफ मंगलवार को युवा कांग्रेस ने एक ऐसा ऐतिहासिक और अनोखा प्रदर्शन, आरटीओ कार्यालय का घेराव किया। छत्तीसगढ़ युवक कांग्रेस के बस्तर लोकसभा समन्वयक आदित्य सिंह बिसेन के नेतृत्व में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने आरटीओ कार्यालय का उग्र घेराव किया। इस दौरान एक अभूतपूर्व दृश्य देखने को मिला जब बस्तर लोकसभा समन्वयक ने आरटीओ अधिकारी और तहसीलदार के सामने सीधे नोटों से भरा एक बैग रख दिया। दो टूक शब्दों में कहा कि बस्तर की जनता को बुनियादी और सुरक्षित परिवहन सुविधाएं देने के लिए आपको और कितना कमीशन चाहिए? ये लीजिए पैसे, लेकिन हमारी जनता की जान से खेलना बंद कीजिए। युवा कांग्रेस ने प्रशासन को आईना दिखाते हुए स्पष्ट किया कि बस्तर की जनता अब आरटीओ और बस माफियाओं के इस खूनी गठजोड़ को बर्दाश्त नहीं करेगी। लाइसेंस बनाने से लेकर फिटनेस सर्टिफिकेट तक, हर जगह सिर्फ दलाली चल रही है। जीपीएस के नाम पर 15-20 हजार रुपए वसूले जा रहे हैं। जबकि जीपीएस मॉनिटरिंग सेंटर संभाग में है ही नहीं, 80 किमी की गति सीमा पर लॉक वाली बसें हर हाल में चाहिए। जनता की जान से खिलवाड़ हम किसी भी कीमत पर नहीं होने देंगे।





#### सड़कें बनीं मौत का कुआं: पूर्व विधायक

पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने कहा कि आज बस्तर की सड़कें बस माफियाओं के लिए मुनाफा कमाने की मशीन और आम जनता के लिए मौत का कुंआ बन गई हैं। शासन और प्रशासन पूरी तरह मूकदर्शक बनकर इस लूट को संरक्षण दे रहा है। पुराने वाहनों पर टैक्स के नाम पर जनता की जेब काटी जा रही है। अगर प्रशासन ने जनहित के इन मुद्दों पर तुरंत कार्रवाई नहीं की, तो हम सड़क से लेकर सदन तक इस सरकार की ईंट से ईंट बजा देंगे।

#### अवैध वसूली पर रोक की मांग, सौंपा ज्ञापन

युवा कांग्रेस ने घेराव के बाद तहसीलदार को मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि सभी बसों में अनिवार्य रूप से अग्नि सुरक्षा उपकरण फायर एक्सटिंग्विशर, आपातकालीन द्वार, सुरक्षित खिड़कियां और महिलाओं, बुजुर्गों के लिए सीटों का आरक्षण सुनिश्चित हो। पुराने वाहनों की बिक्री पर नए वाहन की कीमत के आधार पर एक फीसदी का अतार्किक टैक्स वसूलना तत्काल बंद हो। ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के नाम पर आम युवाओं से की जा रही 4000 से 4500 रुपए तक की अवैध वसूली पर तुरंत लगाम लगे। मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना की आड़ में कबाड़ हो चुकी बसों का संचालन बंद किया जाए। हर यात्री बस में अधिकतम 80 किमी प्रति घंटा की गति सीमा का स्पीड लॉक अनिवार्य रूप से लगाया जाए। मालवाहक गाड़ियों में यात्रियों को मवेशियों की तरह ढोने पर पूर्णतः प्रतिबंध लगे।

## रायपुर-जगदलपुर-हैदराबाद हवाई सेवा 29 से होगी शुरू





- सीधी कनेक्टिविटी से व्यापार, पर्यटन और चिकित्सा सुविधाओं को मिलेगा बढ़ावा

**जगदलपुर।** कुछ दिन पूर्व हरिभूमि ने हवाई सेवा की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी। अब 29 मार्च से राजधानी रायपुर के लिए वायुयान सेवा शुरू होने वाली है। इसके लिए सुकमा जमींदार कुमार जयदेव ने प्रधानमंत्री और केंद्रीय नागरिक विमानन मंत्री को पत्र भेजकर अपील की थी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल से राजधानी के लिए बंद हो चुकी प्लेन फिर से शुरू होगी। 29 मार्च से रायपुर-जगदलपुर-हैदराबाद हवाई सेवा प्रारंभ होने जा रही है,जिससे तीनों शहरों के बीच फिर से सीधी कनेक्टिविटी स्थापित होगी। कुमार जयदेव ने इसके लिए केंद्र और राज्य शासन समेत स्थानीय प्रशासन का आभार माना है।

## महाराजा प्रवीरचंद्र की 60वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन आज

**जगदलपुर।** महाराजा प्रवीर बस्तर विकास वाहिनी एवं प्रवीर सेना द्वारा बस्तर के लोकनायक, रथपति, माटी पुजारी, अमर शहीद महाराजा प्रवीरचंद्र भंजदेव की शहादत की वर्षगांठ, 60 वीं पुण्यतिथि पर 25 मार्च को बलिदान दिवस के अवसर पर दिवंगत लोकनायक महाराजा को श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए श्रद्धांजलि का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धांजलि सभा प्रतिमा स्थल, माई दंतेश्वरी मंदिर के सामने प्रातः 10 से 12 बजे तक होगी।यह तथ्य सर्वविदित है कि बस्तर के इतिहास के युगपुरूष स्व. महाराजा प्रवीरचंद्र भंजदेव विभिन्न समाज तथा आदिवासी समुदाय के व्यापक हितों एवं बस्तर ▶▶| शेष पेज 12 पर



## प्रशिक्षण व कार्यशाला से राष्ट्र व जनसेवा में निपुण बनते हैं कार्यकर्ता : जामवाल



- कर्मठ व समर्पित कार्यकर्ता भाजपा की पूंजी : देव

**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल मंगलवार को ग्राम आसना में बकावण्ड मण्डल की पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान कार्यशाला में सम्मिलित हुए। प्रशिक्षण वर्ग में उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ समय बिताया और संबोधन भी दिया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण भाजपा की नियमित प्रक्रिया है, जो कार्यकर्ताओं को प्रखर बनाते हैं। पार्टी का ध्येय वाक्य राष्ट्र सेवा और जनसेवा है। ऐसे पुनीत उद्देश्य के साथ कार्यकर्ता पार्टी व संगठन को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा निरंतर कार्य करने वाली पार्टी है, जो सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के साथ संगठनात्मक कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करती है। हमारे कार्यकर्ता अपने कार्यों के प्रति कर्मष्ठ होते हैं और अंत्योदय की विचारधारा को आत्मसात कर संगठन के समस्त कार्यों को साकार रूप देते हैं। कार्यशाला में प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लाटिया, जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय, डा. सुभाऊ कश्यप, शेष नारायण तिवारी, प्रदेश प्रवक्ता टेकेश्वर जैन, ▶▶| शेष पेज 12 पर

## पुलिस की तत्परता से मासूम सुरक्षित पहुंचा परिजनों के पास



**बचेली।** पुलिस की मुस्तैदी गुरुवार को देखने को मिला जब मौर्या पेट्रोल पंप के पास एक 3 वर्षीय मासूम बच्चा रोते मिला। लोगों ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बच्चे को सुरक्षित अपनी अभिरक्षा में लिया। बच्चा डरा-सहमा हुआ था वह कुछ भी स्पष्ट बताने की स्थिति में नहीं था। पुलिस ने आसपास पूछताछ शुरू कर दी। बच्चे की पहचान रोशन इस्तम पिता धनीराम इस्तम निवासी दशरथ पारा के रूप में हुई। पुलिस ने परिजनों का पता लगाकर मासूम को सुपुर्द कर दिया। लापता बच्चे को सुरक्षित पाकर परिजनों ने पुलिस का आभार माना। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रहलाद कुमार साहू, सहायक उप निरीक्षक प्रहलाद निर्मल, आरक्षक अजीत पैकरा और मुन्ना लाल मौर्य का विशेष योगदान रहा।






बुनियादी जरूरतों के अभाव में पारिवारिक कलह की स्थिति हो रही निर्मित

# विद्युत कंपनी के एफओसी कर्मचारी छह माह से वेतन नहीं मिलने से परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर संभाग के सुकमा जिले के विद्युत के एफओसी कर्मचारियों 6 माह से वेतन भुगतान न होने के कारण अस्थाई तौर पर एक अप्रैल से कार्य बंद करने की चेतावनी दी। इसका ज्ञापन विद्युत कंपनी सुकमा संभाग के कार्यपालन अभियंता को दिया गया है। ज्ञापन में कर्मचारियों ने बताया कि सभी कर्मचारी विषम परिस्थितियों में भी लाइन मेंटेनेंस और फाल्ट सुधार जैसे आवश्यक कार्यों को निरंतर करते आ रहे हैं, फिर भी कंपनी द्वारा 6 माह से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। वेतन न मिलने के कारण वर्तमान में परिवार की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो चुकी है। घर में राशन सामग्री और अन्य बुनियादी जरूरतों के अभाव में पारिवारिक कलह की स्थिति निर्मित हो रही है। महंगाई के इस दौर में बिना वेतन के 6 माह का समय काटना हमारे लिए मानसिक और आर्थिक प्रताड़ना के समान है। पूर्व में भी मौखिक एवं लिखित माध्यम से वेतन भुगतान हेतु निवेदन किया था, पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। परिवार के भरण-पोषण के लिए कोई संसाधन शेष नहीं बचा है। कर्मचारियों ने कहा कि आगामी 3 या 7, दिनों के भीतर लंबित वेतन का भुगतान नहीं किया जाता है, तो अपनी विवशता के कारण एक अप्रैल से वेतन मिलने तक अस्थाई रूप से कार्य बंद करने हेतु बाध्य रहेंगे। कार्य बंद रहने के दौरान होने वाली किसी भी तकनीकी असुविधा या विद्युत व्यवधान के लिए प्रशासन एवं विद्युत कंपनी स्वयं जिम्मेदार होगा। कार्य पर तभी लौटेंगे जब वेतन का पूर्ण भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा।

#### शीघ्र दिया जाएगा लंबित वेतन

विद्युत कंपनी जगदलपुर वृत्त के अधीक्षण अभियंता केव्ही मैथ्यू ने बताया कि एफओसी के कर्मचारियों का लंबित वेतन शीघ्र ही करने का प्रयास किया जा रहा है।

खबर संक्षेप

## अग्निवीर थल सेना भर्ती परीक्षा से पहले मिलेगा निःशुल्क प्रशिक्षण

**कोण्डागांव।** अग्निवीर थल सेना भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इच्छुक अभ्यर्थी 1 अप्रैल 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। भारतीय थल सेना द्वारा पंजीकृत अभ्यर्थियों की ऑनलाइन लिखित परीक्षा का आयोजन संभावित रूप से 1 जून से 15 जून लिया जा सकता है। परीक्षा की बेहतर तैयारी के लिए अभ्यर्थियों को निःशुल्क प्रशिक्षण एवं आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा, जिससे वे परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन कर सकें। निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक अभ्यर्थी स्वयं या रोजगार कार्यालय में जाकर पंजीयन करा सकते हैं। इसके लिए रोजगार विभाग छत्तीसगढ़ की वेबसाइट, च्वाइस सेंटर अथवा अन्य माध्यमों का उपयोग किया जा सकता है। अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए कार्यालयीन समय में जिला रोजगार कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

## छापर भानपुरी में 51 कमजोर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण



**जगदलपुर।** आकांक्षी विकासखंड तोकापाल के अंतर्गत ग्राम पंचायत छापर भानपुरी में मंगलवार को संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। एकीकृत बाल विकास सेवा विभाग द्वारा आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं और पोषण संबंधी परामर्श प्रदान करना था। इस विशेष शिविर में ग्राम छापर भानपुरी, सिरिसगुड़ा, कोंडालूर और घाट धनोरा के कुल 51 कमजोर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी वीरेंद्र गायकवाड़ ने बच्चों की जांच कर उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श दिए और जरूरत के अनुसार दवाइयों का वितरण भी किया।

## एससीव्हीटी पूरक परीक्षाएं 1 अप्रैल से

**जगदलपुर।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बस्तर के प्राचार्य द्वारा दी गई जानकारी अनुसार राज्य व्यावसायिक एससीव्हीटी पूरक परीक्षा अप्रैल-2026 के आयोजन की तिथि निर्धारित कर दी गई है, जिसमें पूर्व प्रशिक्षणार्थी शामिल हो सकते हैं। यह परीक्षाएं आगामी 1 अप्रैल से शुरू होकर 10 अप्रैल तक संपन्न होंगी, जिसमें बस्तर आईटीआई के विभिन्न व्यवसायों के पात्र पूर्व प्रशिक्षणार्थी सम्मिलित होकर अपनी योग्यता प्रमाणित कर सकेंगे।

## कलेपाल में एचपीवी वैक्सीनेशन का शुभारंभ



**जगदलपुर।** बस्तर जिले के तोकापाल विकासखंड अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कलेपाल में 24 मार्च को स्वास्थ्य जगत के एक महत्वपूर्ण अभियान का आगाज हुआ। क्षेत्र की किशोरियों को भविष्य में होने वाले गर्भाशय के कैंसर (सर्वाइकल कैंसर) जैसी जानलेवा बीमारी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से ह्यूमन पेपिलोमा वायरस (एच.पी.वी.) वैक्सीन का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस गौरवशाली अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य मालती मौर्य उपस्थित रहीं, जिन्होंने दीप प्रज्वलित कर अभियान की शुरुआत की। इस दौरान खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. ऋषभ साव ने वैक्सीन की तकनीकी जानकारी देते हुए स्पष्ट किया कि गर्भाशय के कैंसर से बचाव के लिए एच.पी.वी. टीका लगवाना नितांत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि केंद्र शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप यह विशेष अभियान 24 मार्च से 24 जून तक संचालित किया जाएगा।

# प्रशिक्षण से कार्यकर्ता नीति, और जनसेवा के संस्कार से होंगे समृद्धः लता उसेंडी

हरिभूमि न्यूज : कोण्डागांव

भारतीय जनता पार्टी द्वारा संचालित पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तहत सोमवार को फॉरेस्ट ऑक्शन हॉल में कोंडागांव उत्तर एवं दक्षिण मंडल के कार्यकर्ताओं का संयुक्त प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक एवं भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेंडी मुख्य रूप से उपस्थित रहीं।

■ अलग–अलग विषयों पर विशेषज्ञों ने मार्गदर्शन दिया

कार्यशाला को संबोधित करते हुए लता उसेंडी ने कहा कि भाजपा की शक्ति उसके देवतुल्य कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ता संगठन की नीति, सिद्धांत और जनसेवा के संस्कारों से समृद्ध होकर पार्टी की विचारधारा को जन–जन तक पहुंचाने में सक्षम बनेंगे। कार्यशाला में अलग–अलग विषयों पर विशेषज्ञों ने मार्गदर्शन दिया सरकार की उपलब्धियां एवं क्रियान्वयन लता उसेंडी, वैचारिक अधिष्ठान गोपाल दीक्षित, कार्य विस्तार की दृष्टि दीपेश अरोरा, पार्टी का इतिहास और विकास मनोज जैन, बूथ प्रबंधन ओमप्रकाश टावरी, सोशल मीडिया की भूमिका प्रतोष त्रिपाठी,जिला अध्यक्ष ने किया। प्रारंभिक उद्बोधन कार्यक्रम की शुरुआत में भाजपा जिला अध्यक्ष सेवकराम नेताम ने प्रारंभिक उद्बोधन देते हुए प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला।

### भाजपा प्रशिक्षण महाअभियानः कार्यकर्ताओं को मिला संगठनात्मक मार्गदर्शन



**ये कार्यकर्ता रहे उपस्थित –** प्रशिक्षण वर्ग में भाजपा के जिला एवं मंडल स्तर के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र सुराना एवं प्रेम सिंह नाग ने किया। प्रशिक्षण कार्यशाला के माध्यम से कार्यकर्ताओं में संगठनात्मक मजबूती और जनसेवा की भावना को और अधिक सशक्त करने का प्रयास किया गया।

**समाधान :** हर माह के अंतिम सोमवार को होगी जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक

# स्वत्वों का भुगतान, अनुकंपा नियुक्ति सहित अन्य मांगें रखी, जल्द निराकरण का मिला आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

कलेक्टोरेट के सभा कक्ष में जिला स्तरीय परामर्शदात्री बैठक का आयोजन कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलेभर के विभिन्न कर्मचारी एवं अधिकारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अपनी-अपनी समस्याएं एवं मांगें कलेक्टर के समक्ष रखीं। बैठक का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों की समस्याओं को सुनना और उनके निराकरण की दिशा में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करना रहा। इस दौरान विभिन्न संगठनों द्वारा कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए गए।

इसके अतिरिक्त यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक माह के अंतिम सोमवार को जिला स्तरीय परामर्शदात्री बैठक आयोजित की जाएगी। साथ ही, राजपत्रित अधिकारी एवं शिक्षक संघ द्वारा एक व्याख्याता के गलत युक्तियुक्तकरण के संबंध में उचित निर्णय लेने हेतु अपील की गई, जिस पर कलेक्टर द्वारा आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने सभी मांगों एवं रखे गए बिंदुओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

उन्होंने आश्वस्त किया कि कर्मचारियों की जायज मांगों पर प्राथमिकता से विचार कर समाधान किया जाएगा।

बैठक के अंत में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने समस्याओं के समाधान के लिए सकारात्मक पहल की उम्मीद जताई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर चित्रकान्त चार्ली ठाकुर के साथ जिला स्तरीय अधिकारी एवं विभिन्न संघठनो के पदाधिकारी मौजद रहे।

### बच्चों को गुणवत्तापूर्ण आहार और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देंः नूपुर



**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने रविवार को केशकाल विकासखंड के विभिन्न स्वास्थ्य एवं शैक्षणिक संस्थानों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उप स्वास्थ्य केंद्र खालेमुरवेण्ड में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने प्रसव व्यवस्था और हाई रिस्क प्रेग्नेंसी एचआरपी महिलाओं की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने टीकाकरण कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने तथा बेबी वार्मर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केशकाल स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने भर्ती बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों एवं उनकी माताओं को पोषणयुक्त और गुणवत्तापूर्ण आहार उपलब्ध कराने तथा साफ–सफाई व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने ग्राम साल्हेभाट स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण कर स्मार्ट क्लासरूम सहित अन्य शैक्षणिक व्यवस्थाओं की जानकारी ली। साथ ही ग्रामवासियों की मांग पर छात्रवास की व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों को बेहतर सेवा उपलब्ध कराने और व्यवस्थाओं में सुधार के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम, तहसीलदार और जनपद पंचायत के अधिकारी उपस्थित रहे।

### कर्मचारियों ने रखी मांगें

सेवानिवृत्त कर्मचारियों को निर्धारित समय सीमा में पीपीओ जारी कर उनके स्वत्वों का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। अनुकंपा नियुक्ति के मामलों का शीघ्र निराकरण किया जाए। स्वास्थ्य केंद्रों में डीएमएफ एवं जेडीएस मद से सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति की जाए। डीएमएफ से पदस्थ स्वास्थ्य अधिकारियों को यथावत बनाए रखने की मांग रखी गई। जिले में पशु चिकित्सा केंद्र में लगभग 60 प्रतिशत रिक्त चतुर्थ श्रेणी पदों पर शीघ्र भर्ती की जाए। पशु चिकित्सा केंद्र एवं स्वास्थ्य केंद्रों के उन्नयन कार्य कराए जाएं। जर्जर एवं भवनविहीन संस्थाओं के लिए भवन निर्माण की मांग की गई। कर्मचारियों के समयमान वेतनमान से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जाए। लंबित पदोन्नतियों को शीघ्र पूर्ण किया जाए। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत वाहन चालकों की भर्ती की जाए। स्वास्थ्य केंद्रों में महिला सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए जाने की मांग रखी गई।

# लाभार्थी को 4.16 लाख की मिली सहायता, परिवार को मिला संबल



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

उपडाकघर कोंडागांव में सोमवार को डाक जीवन बीमा के अंतर्गत मृतक बीमाधारक स्वर्गीय नोहरू राम नेताम के नामांकित लाभार्थी को मृत्यु दावा राशि का भुगतान किया गया।

■ डाक जीवन बीमा के तहत मृत्यु दावा राशि का भुगतान

स्वर्गीय नोहरू राम नेताम शिक्षक, मालाकोट का आकस्मिक निधन 1 जनवरी 2026 को हो गया था। उनके नामांकित लाभार्थी श्रीमती धनई नेताम पत्नी को 4,16,400 रुपए की दावा राशि प्रदान की गई। डाक विभाग द्वारा त्वरित प्रक्रिया अपनाते हुए बीमा दावा राशि का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया गया, जिससे शोक संतप्त परिवार को आर्थिक सहायता मिल सकी। स्वर्गीय नेताम ने वर्ष 2018 में 3 लाख का डाक जीवन बीमा कराया था, जो इस कठिन समय में उनके परिवार के लिए सहारा बना।

### अधिकारियों की उपस्थिति में हुआ वितरण

इस अवसर पर उपडाकपाल एस.एल. गोटी सहित डाक विभाग के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे और परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। उपडाकपाल ने डाक जीवन बीमा को प्रत्येक नागरिक के लिए आवश्यक बताते हुए कहा कि यह योजना भविष्य की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करती है और विपरीत परिस्थितियों में परिवार को संबल प्रदान करती है।

# शादी का झांसा देकर 3 साल तक दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार



**कोण्डागांव।** थाना मर्दापाल क्षेत्र में शादी का झांसा देकर लंबे समय तक दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार पीड़िता ने 13 मार्च को थाना मर्दापाल पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि आरोपी डोलेश्वर कोर्राम 35 वर्ष, निवासी बड़ेकुरूषनार पूरनबेड़ा पारा ने उसे शादी करने और पत्नी के रूप में साथ रखने का झांसा देकर पिछले लगभग 3 वर्षों से लगातार शारीरिक संबंध बनाया। पीड़िता के अनुसार, आरोपी मार्च 2026 तक उसके साथ संबंध बनाता रहा, लेकिन बाद में शादी से साफ इंकार कर दिया। शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(2)(ड) एवं 66 के तहत मामला कायम किया और विवेचना प्रारंभ की। गिरफ्तार के लिए आला अफसरों ने टीम बनाई। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 23 मार्च की सुबह लगभग 8:30 बजे आरोपी को उसके गांव बड़ेकुरूषनार से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद आरोपी को हिरासत में लिया गया। आरोपी को न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया।

### कार्रवाई में इनका रहा योगदान

पूरी कार्रवाई में थाना मर्दापाल के निरीक्षक राजकुमार सोरी, उप निरीक्षक नरेश कुमार साहू, प्रधान आरक्षक महेन्द्र सिंह ठाकुर, हिरदुराम बघेल आरक्षक समीर नेताम, तोषण कश्यप, कृष्णा नेताम, विरेंश सिंह का विशेष योगदान रहा। यह कार्रवाई कानून व्यवस्था को मजबूत करने और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में पुलिस की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# कच्चे मकान से मिली मुक्ति, अब सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन

**कोण्डागांव।** नगर पंचायत फरसगांव के वार्ड क्रमांक 11 गायतापारा निवासी श्री गाण्डो राम नेताम का पक्के घर का सपना अब साकार हो गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत उन्हें आवास की स्वीकृति मिलने से उनके जीवन में बड़ा बदलाव आया है।



सीमित आय वाले किसान श्री नेताम अपने परिवार के साथ कच्चे मकान में रह रहे थे। बारिश के दिनों में दीवारों से पानी रिसना और छत की बार–बार मरम्मत कराना उनके लिए बड़ी परेशानी थी। नगर पंचायत द्वारा मुनादी और शिविरों के माध्यम से योजना की जानकारी मिलने पर उन्होंने आवेदन किया। सभी प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद उन्हें आवास की स्वीकृति मिली। योजना के तहत मिली सहायता से उन्होंने अपना पक्का मकान बनवाया। अब उनका परिवार सुरक्षित, सुविधाजनक और सम्मानजनक वातावरण में रह रहा है, जिससे उनके जीवन में स्थिरता और आत्मविश्वास आया है।

### हितग्राही ने जताया आभार

गाण्डो राम नेताम ने कहा कि पक्का घर हमारे लिए सपना था, जो अब हकीकत बन गया है। अब हमें मौसम की चिंता नहीं रहती। उन्होंने इस योजना के लिए नगर पंचायत फरसगांव, जनप्रतिनिधियों तथा शासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

## 5 लाख का गांजा बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

जगदलपुर। पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत दो अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। बस का इंतजार कर रहे दो तस्करों को लाखों रुपए के गांजा के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

गांजा तस्करी की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश, एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी सुमित कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी। टीम को सूचना मिली थी कि दो संदेही बस स्टैंड के पीछे में खड़े हैं जो अपने पास पिट्ठू बैग रखे है। अवैध रूप मादक पदार्थ गांजा रखकर परिवहन करने के लिए बस का इंतजार कर रहे है। नए बस स्टैंड में दो संदेही व्यक्ति दिखे जो पुलिस को देखकर भागने लगे जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम मोहम्मद नासिर 40 वर्ष निवासी सादरा सेक्युलर थाना सरहद दिल्ली व मुकेश कुमार 26 वर्ष निवासी रावर विलाडा जोधपुर थाना कपेड़ा जिला जोधपुर राजस्थान का रहने वाला बताया। तलाशी लेने पर उनके पास रखे बैग 10.36 किलो मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ जिसकी अनुमानित कीमत 5 लाख 18 हजार रुपए आंकी गई है।

## पेज 11 के शेष

### पाकिस्तान के हिंगोल पर्वत...

के द्वारा किया जाएगा। तत्पश्चात वे बेड़ागांव के लिए प्रस्थान करेंगे। इस मंदिर के 300 साल के इतिहास में यह प्रथम अवसर होगा जब मूल हिंगलाजिन शक्तिपीठ से पवित्र जल बस्तर आएगा।

**बस्तर का एक प्रमुख आस्था का केंद्र :** मंदिर के अध्यक्ष एवं संरक्षक अजय सिंह बैस ने बताया कि हिंगलाज माता का प्राचीन मंदिर बेड़ागांव में स्थित है तथा बस्तरवासियों सहित सिंधी, खत्री, गुजराती तथा राजस्थानी लोगों की आस्था का केंद्र है। इस मूल मंदिर की करीब 300 से अधिक शाखाएं बस्तर एवं ओडिशा में फैली हुई है। रियासत काल से ही हिंगलाजिन माता बैस मालगुजार परिवार की आराध्या एवं राज परिवार के संरक्षण में रहा है। बस्तर दशहरा एवं विभिन्न उत्सवों में देवी सम्मिलित होती है। इसी मंदिर में इस वर्ष मां भगवती शारदा भवानी मैहर वाली की प्रतिष्ठा हो रही है। जिसका जलादिवस, अन्नादिवस, पुष्पाधिवास, फलादिवस तथा शय्यादिवस संपन्न हो चुका है। 25 मार्च को माता शारदा भवानी के मंदिर को संत युधिष्ठिर के साथ आम लोगों के खोला जाएगा। जिससे जनमानस में इस मंदिर के प्रति आस्था और सबल होगी तथा भव्यता में वृद्धि होगी।

### महाराजा प्रवीरचंद्र की ...

के जल जंगल जमीन की अक्षुण्णता को बनाए रखने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया था। बस्तर के अमूल्य वन एवं खनिज तथा बैलाडिला की लोहे की खदानों को निजाम के चंगुल से बचाते हुए एवं विरोधी ताकतों से लोहा लेते हुए महाराजा ने इन अमूल्य संपदाओं को बस्तर के नक्शे में समाहित कराया जो समूचे छतीसगढ़ के लिए युगों-युगों तक जीवनदायिनी का काम करता रहेगा। यह महानतम कार्य ही उनके बलिदान का मुख्य कारण रहा। स्वर्गीय महाराजा के साथ असंख्य बस्तरवासियों ने बस्तर के हितों की लड़ाई में अपनी शहादत दी, अपने आप में विश्व की ऐतिहासिक घटना मानी जाती है।

### प्रशिक्षण व कार्यशाला...

श्रीनिवास मिश्रा, रामाश्रय सिंह, परीस राम बेसरा, आर्येंद्र आर्य, नरसिंह राव, ललिता बघेल, प्रदीप देवांगन, आलोक अवस्थी, दिनेश केजी, प्रकाश झा, अविनाश श्रीवास्तव, अभिलाष यादव,आशू आचार्य, अभिषेक तिवारी, विनय राजू, धनुर्जय कश्यप, स्नेहलता बैस, बकावण्ड मण्डल अध्यक्ष पीताम्बर कश्यप, अनिल बिसाई, रणवीर सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**सदैव सक्रिय भूमिका में रहते हैं कार्यकर्ता :** प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ता संगठन द्वारा दिये गये सभी दायित्वों का निर्वहन करने में दक्ष बनते हैं। हमारे कार्यकर्ता सदैव सक्रिय भूमिका में रहते हैं और संगठन द्वारा दिये गये कार्यों को प्रदेश मण्डल और बूथ स्तर तक पहुंचा कर विस्तार करते हैं। ब्रेवरेज कार्पोरेशन अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी ने सत्र के विषय में संबोधन दिया। संचालन जिला महामंत्री रजनीश पाणिग्रही ने किया।

हर घर नल–जल से महिलाओं को मिली राहत, जीवन हुआ आसान

# नल-जल योजना से बदली राधाबाई की जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जल जीवन मिशन योजना के तहत ग्राम साल्हेभाट में घर–घर स्वच्छ पेयजल पहुंचने से ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। इस पहल से खासकर महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है।

ग्राम निवासी श्रीमती राधाबाई उसेंडी को पहले प्रतिदिन लगभग 250 मीटर दूर से पानी लाना पड़ता था। कठिन परिस्थितियों और कड़ी मेहनत के बीच यह कार्य उनके जीवन का अहम हिस्सा था, जिससे समय और ऊर्जा दोनों की काफी खपत होती थी। राधाबाई का परिवार कृषि और सब्जी उत्पादन पर निर्भर है। पानी की कमी के कारण खेती पर असर पड़ता था, जिससे आय और जीवन स्तर प्रभावित होता था। जल जीवन मिशन के तहत गांव में पाइपलाइन बिछाकर उनके घर तक नल कनेक्शन दिया गया। अब घर के आंगन में ही नियमित और स्वच्छ पानी उपलब्ध हो रहा है, जिससे उनका जीवन काफी आसान हो गया है।



### समय की बचत, बढ़ी आमदनी

अब पानी लाने में समय बर्बाद नहीं होता, जिससे राधाबाई अपने कृषि कार्यों पर अधिक ध्यान दे पा रही हैं। इससे उनकी आय में भी वृद्धि हुई है। खेत पहले से अधिक हरे–भरे हो गए हैं। राधाबाई बताती हैं कि अब जीवन काफी आसान हो गया है। जल जीवन मिशन न केवल पेयजल उपलब्ध करा रहा है, बल्कि ग्रामीण जीवन स्तर में सुधार और महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

**न्यायालय नजूल अधिकारी कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.-202603201500017/अ-6/2025-26

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती ओमप्रभा साहू पति श्री मनीष कुमार साहू उम्र 35 वर्ष जाति तेली निवासी बाजारपारा कोण्डागांव तहसील व जिला कोण्डागांव (छ.ग.) के द्वारा नगर कोण्डागांव के मोहल्ला - रोजगारीपारा में स्थित भूमि शीट नंबर- 02 भूखण्ड क्रमांक 436 क्षेत्रफल 4356 वर्गफुट भूमि वार्षिक भू-भाटक 53.28 पैसे आवासीय मकान नजूल संधारण खसरा में गोपाल दहिया पिता पदमा राम दहिया के नाम पर दर्ज राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूखण्ड 436 क्षेत्रफल 4356 वर्गफुट भूमि में से क्षेत्रफल 1620 वर्गफुट वार्षिक भू-भाटक 19.81 पैसे को ई-पंजीयन क्रमांक IN-CG77501718539740Y पंजीकृत बिक्री विलेख क्रमांक CG-2025-26-194- 1-411 दिनांक 19.01.2026 को रूपये 22,68,000/- शब्दों में (बाईस लाख अड़सठ हजार रूपये) में विक्रय किया गया है। उक्त भूमि क्रय करने के पश्चात आवेदिका श्रीमती ओमप्रभा साहू पति श्री मनीष कुमार साहू उम्र 35 वर्ष जाति तेली निवासी बाजारपारा कोण्डागांव तहसील व जिला कोण्डागांव (छ.ग.) के द्वारा भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 110 के तहत उक्त क्रयशुदा भूमि पर विक्रेता का नाम विलोपित कर आवेदिका स्वयं का नाम दर्ज करवाने हेतु तलवाना, नक्शा, मेन्टीनेन्स खसरा एवं बिक्री विलेख की छायाप्रति सहित इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा या आपत्ति करना हो तो वे दिनांक 02.04.2026 तक अपना दावा आपत्ति मेरे समक्ष कार्यालय समय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19.03.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

नजूल अधिकारी
जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार बस्तर जिला बस्तर (छ.ग.)**

**-:: उद्घोषणा ::-**

रा.प्र.क्र./ क / ब-121/ 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कोमो सेठिया पिता सोनूराम जाति सुण्डी निवास ग्राम महुपालबारी द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि उसके स्वयं कोमो सेठिया पिता सोनूराम की माता/पिता ...... जन्म दिनांक 05.07.1964 को ग्राम महुपालबारी में होना बताते हुए जन्म होने से जन्म प्रमाण पत्र की मांग किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ महिला/ संस्था को आवेदन पत्र के संबंध में आपत्ति पेश करना हो तो वे नियत तिथि 25.03.2026 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 18.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी किया।

मुहर

तहसीलदार
बस्तर

# आदिवासियों के मसीहा थे महाराजा प्रवीर

## बलिदान दिवस पर विशेष

## राजमहल गोलीकांड में महाराजा के साथ सैंकड़ों आदिवासी हुए थे शहीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर के सर्वाधिक लोकप्रिय महाराजा प्रवीर चंद्र भंजदेव का सम्पूर्ण जीवन संघर्षों भरा रहा है। उनके कार्यों का अवलोकन किये बिना बस्तर परिक्षेत्र का समग्र इतिहास समझा नहीं जा सकता। 26 फरवरी 1936 को लंदन के एक नर्सिंग होम में महारानी प्रफुल्ल कुमारी देवी के असामयिक निधन के पश्चात उनके 6 वर्षीय ज्येष्ठ पुत्र प्रवीरचन्द्र भंजदेव (1936 ई. से 1947 ई.) का औपचारिक राजतिलक कर दिया गया।

महाराजा प्रवीर अल्पवयस्क थे इसलिए बस्तर प्रशासन को कोर्ट ऑफ वाड्र्स के अधीन लाया गया। वे जब 18 वर्ष के हुए तब जुलाई 1947 में उन्हें पूर्ण राज्याधिकार दिया गया। यह समय भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के चरम का था और अंग्रेज



■ बस्तर के सर्वाधिक लोकप्रिय महाराजा ने बैलाडिला के खदान को बचाया

भारत छोड़ कर जाने के लिये बाध्य थे। ऐसे समय में निजाम हैदराबाद के प्रतिनिधियों ने महाराजा बस्तर के सामने प्रस्तावों प्रलोभनों की झड़ी लगा दी। निजाम ने हैदराबाद रियासत को स्वतंत्र घोषित करने का निर्णय कर लिया था इसलिये उसकी निगाह बैलाडिला के लौह अयस्क से भरे पहाड़ों पर थी। बस्तर राज्य का भूतपूर्व अंग्रेज प्रशासक ग्रिबसन, निजाम के वाताकारों और महाराजा बस्तर के बीच मध्यस्थता कर रहा था। महाराजा प्रवीर को विलय का डर दिखा कर मोटी रकम दिये जाने का लोभ दिया गया। प्रवीर बैलाडीला क्षेत्र अथवा बस्तर राज्य का विलय निजाम के राज्य में करने के लिए तमाम तरह के दबावों के बाद भी सहमत नहीं हुए। बैलाडिला लौह खनन के लिये वे कुछ क्षेत्रों को सशर्त लीज पर देने के लिये अवश्य सहमत हो गये थे। यह व्यवस्था परिवर्तन का भी दौर था। नये इतिहास के बनने का समय 15.12.1947 को सरदार वल्लभ भाई पटेल ने मध्य प्रांत की राजधानी नागपुर में छत्तीसगढ़ के सभी 14 रियासतों के शासकों को भारतीय संघ में सम्मिलित होने के आग्रह के साथ आमंत्रित किया। महाराजा प्रवीर चन्द्र भंजदेव ने अपनी रियासत के विलय की स्वीकृति देते हुए स्टेटमेंट ऑफ सबसेशन पर हस्ताक्षर कर दिये। बस्तर रियासत को इसके साथ ही भारतीय संघ का हिस्सा बनाये जाने की स्वीकृति हो गयी। 15.08.1947 को भारत स्वतंत्र हुआ तथा 01.01.1948 को बस्तर रियासत का भारतीय संघ में औपचारिक विलय हो गया। 09.01.1948 को यह क्षेत्र मध्यप्रांत में मिला लिया गया, बस्तर तथा कांकेर की रियासत के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों को मिला कर एक वृहत बस्तर जिले को अस्तित्व मिला। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात का बस्तर भी संघर्षों का काल ही बना रहा है। बस्तर रियासत काल के अंतिम शासक प्रवीर चन्द्र मंजदेव आधुनिक बस्तर को दिशा प्रदान करने वाले पहले युग पुरुषों में से एक हैं। उम्र के साथ आती परिपक्वता तथा राजनीति के थपेड़ों ने उन्हें संघर्षशील बनाया तथा धीरे धीरे वे अंचल में आदिम समाज के वास्तविक स्वर और प्रतिनिधि बन कर भी उभरे। यह महाराजा प्रवीर की लोकप्रियता थी कि जब तक वे जीवित रहे, वे ही इस अंचल की राजनीति का पर्याय बने रहे तथा उनके उम्मीदवारों ने ही तत्कालीन मध्यप्रदेश की विधानसभा में अपनी सीटें सुरक्षित रखीं।

13 जून 1953 को उनकी सम्पति कोर्ट ऑफ वार्डस के अंतर्गत ले ली गयी। महाराजा प्रवीर चंद्र भंजदेव ने अपने साथ हुई नाईंसाफियों के बाद भी हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने वर्ष 1955 में बस्तर जिला आदिवासी किसान मजदूर सेवा संघ की स्थापना की। 1956 में उन्हें पागल घोषित कर उपचार के लिये स्विट्ज़रलैंड भेजा गया जहां आरोप निराधार पाये गये। 1957 में प्रवीर बस्तर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। आमचुनाव के बाद भारी मतो से विजयी हो कर विधानसभा पहुंचे। 1959 को प्रवीर ने विधानसभा की सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया। महाराजा प्रवीर ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम कई पत्र लिखे। मालिक मकबूजा की लूट को वे उजागर करना चाहते थे। मालिक मकबूजा की यह लूट लम्बे समय तक बस्तर में आदिवासी शोषण का घृणित इतिहास लिखती रही थी। 11 फरवरी 1961 को राज्य विरोधी गतिविधियों के आरोप में प्रवीर धनपूंजी गांव में गिरफ्तार कर लिये गये। इसके तुरंत बाद फरवरी 1961 में प्रिवेंटिव डिटेंशन एक्ट के तहत प्रवीर को गिरफ्तार कर नरसिंहपुर जेल ले जाया गया। राष्ट्रपति के आज्ञापत्र के माध्यम से 12 फरवरी 1981 को प्रवीर के बस्तर के भूतपूर्व शासक होने की मान्यता समाप्त कर दी गयी। प्रवीर के छोटे भाई विजय चन्द्र भंजदेव को भूतपूर्व शासक होने के अधिकर दिये गये। इसके विरोध में लोहण्डीगुड़ा तथा सिरिसगुड़ा में आदिवासियों द्वारा व्यापक प्रदर्शन किया गया। प्रवीर की गिरफ्तारी से बस्तर में शोक और आक्रोश का माहौल हो गया। जिला प्रशासन की जिद और प्रवीर पर हो रही ज्यादतियों का परिणाम 31.03.1961 का लोहंडीगुड़ा गोली कांड था, जहां बीस हजार की संख्या में उपस्थित विरोध कर रहे आदिवासियों पर निर्ममता से गोली चलाई गयी थी। सोनधर, टांगरू, हडमा, अंतू, ठुरलू, स्वतु, सुकदेव ये कुछ नाम है जो लौहण्डीगुडा गोलीकाण्ड के शिकार बने। राजस्थान की राजकुमारी वेदवती से विवाह के पश्चात उस वर्ष के दशहरे को अपने शक्ति प्रदर्शन का माध्यम बना दिया। प्रशासन की नाराजगी के बाद भी रथारूढ़ हुए तथा दशहरे के इतिहास में ऐसी विशाल भीड़ देखे जाने का पहले कोई उदाहरण नहीं मिलता है।

30 जुलाई 1963 को प्रवीर की सम्पत्ति कोर्ट ऑफ वार्डस से मुक्त कर दी गयी। 1964 में प्रवीर ने पीपुल्स वेल्फेयर एसोशियेशन की स्थापना की। 12 जनवरी 1965 को प्रवीर ने बस्तर की समस्याओं को ले कर दिल्ली के शांतिवन में अनशन किया था। गृहमंत्री गुलजारी लाल नंदा द्वारा समस्याओं का निराकरण करने के आश्वासन के बाद ही प्रवीर ने अपना अनशन तोड़ा था। 25 मार्च 1966 के दिन राजमहल में सामने का मैदान आदिम परिवारों से अटा पड़ा था। बस्तर रियासत के हर हिस्से से लोग अपनी समस्या, पीड़ा के साथ महल के भीतर बैठे हुए थे। भीड़ की इतनी बड़ी संख्या का एक कारण यह भी था कि अनेक गांव के मांझी आखेट की स्वीकृति राजा से लेने आये थे।

चैत्र की नवदुर्गा में आदिवासी कुछ बीज राजा को देते और फिर यही बीज उनसे ले कर अपने खेतों में बो देते थे। चैत्र और बैसाख महीनों में आदिवासी शिकार के लिये निकलते हैं जिसके लिये राजाज्ञा लेने की परम्परा रही है। यह भी एक कारण था कि भीड़ में धनुष-बाण बहुत बड़ी संख्या में दिखाई पड़ रहे थे। इसी बीच आदिवासियों और पुलिस में एक विचाराधीन कैदी को जेल ले जाते समय झड़प हुई जिसमें एक सूबेदार सरदार अवतार सिंह की मौत हो गयी। आंसूगैस छोड़े गए तथा बिना चेतावनी के ही फायरिंग होने लगी।

दोपहर बारह बजे तक अधिकांश आदिवासी मैदान से हटकर महल के भीतर शरण ले चुके थे। रात्रि 11.30 तक संघर्ष जारी रहा और 26.03.1966 सुबह 11 बजे जिलाधीश तथा अनेक पुलिस अधिकारी महल के भीतर प्रविष्ठ हो गए। इसी शाम महाराजा प्रवीर का अंतिम संस्कार कर दिया गया था। आज भी बस्तर के लोकनायक महाराजा प्रवीरचंद्र भंजदेव के प्रभावशाली नेतृत्व को बस्तर का जनमानस महसूस करता है। बस्तरवासी इस ऐतिहासिक दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनाते आ रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### फील्ड ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ



**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार जनगणना संबंधी कार्यों को सुव्यवस्थित एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिला स्तर पर फील्ड ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। यह प्रशिक्षण 23 मार्च से 25 मार्च तक संयुक्त जिला कार्यालय के शंकनी सभाकक्ष में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण में जिले के 11 चार्ज अंतर्गत चयनित 12 फील्ड ट्रेनर्स भाग ले रहे हैं, जिन्हें जनगणना कार्य से संबंधित विभिन्न तकनीकी एवं व्यवहारिक पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को डेटा संकलन, प्रपत्र भरने की प्रक्रिया, डिजिटल उपकरणों के उपयोग तथा निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के संबंध में प्रशिक्षित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य फील्ड स्तर पर कार्यों की गुणवत्ता बढ़ाना तथा जनगणना प्रक्रिया को त्रुटिरहित एवं पारदर्शी बनाना है।

### निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण के लिए अधिकारियों का प्रशिक्षण

**दंतेवाड़ा।** नगरीय निकायों एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम उप निर्वाचन के अंतर्गत निर्वाचक नामावली तैयार एवं पुनरीक्षण कार्य के लिए संबंधित सॉफ्टवेयर पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण उप जिला निर्वाचन अधिकारियों, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, मास्टर ट्रेनर्स एवं प्रोग्रामर्स के लिए दोपहर 2:30 बजे से एनआईसी नेटवर्क के माध्यम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा संपन्न हुआ। प्रशिक्षण का उद्देश्य नामावली प्रक्रिया को त्रुटिरहित एवं पारदर्शी बनाना रहा। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर प्रशिक्षण में भाग लें ताकि निर्वाचन कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

## 'सामाजिक संतुलन और महिला सुरक्षा की दिशा में ऐतिहासिक कदम'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



छग विधानसभा द्वारा पारित धर्म स्वातंत्र्य संशोधन विधेयक को लेकर दीपिका शोरी सदस्य छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने इस विधेयक को प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान, सामाजिक संतुलन और विशेष रूप से महिलाओं की सुरक्षा के दृष्टिकोण से एक महत्वपूर्ण और दूरगामी निर्णय बताया। दीपिका शोरी ने कहा कि लंबे समय से समाज के कमजोर वर्गों, खासकर महिलाओं और नाबालिगों को प्रलोभन, दबाव और भ्रम के माध्यम से धर्मांतरण का शिकार बनाया जा रहा था, जिससे सामाजिक ताने-बाने पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा था। ऐसे में यह नया कानून इन प्रवृत्तियों पर प्रभावी अंकुश लगाने में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने विधेयक के प्रमुख प्रावधानों का उल्लेख करते हुए कहा कि अब धर्म परिवर्तन की प्रक्रिया को पूरी तरह विधिसम्मत और पारदर्शी बनाया गया है। किसी भी धर्मांतरण से पहले संबंधित पक्षों को अधिकृत अधिकारी को पूर्व सूचना देना अनिवार्य होगा, जिसके बाद सार्वजनिक सूचना जारी कर निर्धारित समयसीमा में उसका परीक्षण किया जाएगा।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



# राजस्व अधिकारी अफीम की अवैध खेती की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें : छिकारा

## समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर आकाश छिकारा ने समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शासन की योजनाओं को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही जन दर्शन, सुशासन तिहार, जन चौपाल और समय सीमा के आवेदनों व प्रकरणों पर तत्काल निराकरण करने की बात कही।

कलेक्टर ने कहा कि पोषण ट्रैकर एप के माध्यम से आंगनबाड़ी के बच्चों का आधार अपडेट करवायें, सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों का ई-एचआरएमएस में ऑनबोर्ड की कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए। बैठक में अवैध अफीम खेती की गतिविधियों पर नियंत्रण हेतु शासन के निर्देशानुसार जिले में अफीम की अवैध खेती की जांच सभी राजस्व अधिकारियों से कराते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। वहीं रेत खदानों के संचालन के लिए ग्राम पंचायतों से एनओसी की प्रक्रिया पूर्ण कराने तथा निर्माण विभागों को खनिज रॉयल्टी जमा करने के निर्देश दिए। धान खरीदी व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने 31 मार्च तक शत-प्रतिशत समितियों से धान उठाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उचित मूल्य की दुकानों में खाद्यान्न भंडारण में चावल की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा गया।कृषि क्षेत्र में एग्रीस्टैक के तहत किसानों के पंजीयन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की प्रगति की समीक्षा की।



### टीबी मुक्त बस्तर के लिए दिलाई शपथ

बैठक में टीबी मुक्त बस्तर जिला बनाने के लिए निक्षय मित्र के रूप राशि देने वाले अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र का वितरण कलेक्टर छिकारा द्वारा प्रदान किया गया और टीबी मुक्त बस्तर के लिए शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीपी बघेल, ऋषिकेश तिवारी, नगर निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा, सहायक कलेक्टर विपिन दुबे सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### नवनियुक्त पदाधिकारियों ने देवी का लिया आशीर्वाद



**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के नव नियुक्त व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक अनिल लुक्कड, जिला संयोजक गोविन्द ईनाणी, सह संयोजक प्रकाश दुग्गड़, किशोर महावर एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रोहित बैस, गणेश काले एवं अन्य पदाधिकारियों एवं कार्यकतार्ओं ने मां दंतेश्वरी मंदिर पहुंच पूजा अर्चना कर माता से आशीर्वाद लेकर नये दायित्व को सुचारू रूप से संचालित करने आशीर्वाद लिया।

### जलसा-ए-पाक 28 को

**जगदलपुर।** हर साल की तरह इस साल भी शहर के संतोषी वार्ड में खादिम आसिक अजीज के निवास पर हजरत गैबन शाह पीर रहमतुल्लाह अलैह की शान में एक जल्दा-ए-पाक का आयोजन 28 मार्च को होगा। उक्त कार्यक्रम में दिन में 11 बजे सुबह से आम लंगर का आयोजन भी बाबा गैबन शाह के अकीदत मेदों द्वारा रखा गया है।

### यादव समाज के परिचय सम्मेलन में 16 जोड़ों का विवाह



**जगदलपुर।** नगर के दलपत सागर चौक स्थित कृष्ण मंदिर में बस्तर जिला यादव समाज द्वारा युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें 16 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया गया। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि यह आयोजन बस्तर जिला में पहली बार किया गया है जिसमें सामान्य परिवार के युवक, युवतियों का सामूहिक विवाह करवाया गया है। आने वाले समय में भी ऐसे आयोजन होते रहेंगे। समाज के संरक्षक लच्छिन यादव ने कहा कि इस सामूहिक विवाह में बस्तर के सुदूर अंचलों से यादव समाज के लोगों को चिन्हांकित कर यहां लाया गया । हर्राकोडेर और बोदली जैसे सुदूर क्षेत्रों से विवाह योग्य युवक युवती का यहां विधि विधान से विवाह संपन्न करवाया गया। ओबीसी महासभा के संभागीय अध्यक्ष दिनेश यदु ने कहा कि आगामी दिनों में सामाजिक अयोजन होंगे।

### 908 शिक्षक पदोन्नत होकर बने मिडिल स्कूल के हेडमास्टर

**जगदलपुर।** बस्तर संभाग में कार्यरत शिक्षक, प्रधान पाठक प्राथमिक शाला ( नियमित/ एलबी) स्नातक एवं प्रशिक्षित का 1 अप्रैल 2024 की स्थिति में अंतिम संयुक्त वरिष्ठता सूची का प्रकाशन कर विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक की गई। यह जानकारी देते हुए संयुक्त संचालक हेतराम सोम ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि कुल 908 शिक्षकों की पदोन्नति मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक के पद पर की गई है। जिनके पदांकन के लिए काउंसलिंग की सूचना अलग से जारी की जाएगी। उन्होंने बताया कि इनमें नियमित ई संवर्ग के 15 तथा एलबी के 15, नियमित टी संवर्ग के 166 तथा एलबी के 712 हैं।

### शिविर में हितग्राहियों को मिला आधुनिक उपकरण

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के आड़ावाल स्थित जयपुर फुट सेंटर में रविवार को दिव्यांगजनों के जीवन को सुगम बनाने के उद्देश्य से एक विशाल सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। मानवता की सेवा और सशक्तिकरण को समर्पित इस शिविर में सुबह से ही जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए दिव्यांगों और उनके परिजनों की भारी भीड़ देखी गई। इस आयोजन के दौरान कुल 120 हितग्राहियों का पंजीयन कर उनकी शारीरिक बाधाओं को दूर करने के लिए आधुनिक तकनीक से निर्मित कृत्रिम अंगों और सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। शिविर की सफलता इस बात से आंकी जा सकती है कि इसमें न केवल शारीरिक दिव्यांगता वाले व्यक्तियों को चलने-फिरने में सक्षम बनाया गया, बल्कि उनकी अन्य जरूरतों का भी पूरा ध्यान रखा गया।

## बस्तर के विकास को नई ऊंचाई देंगे भूमिपूजन के ये कार्य

# मंत्री केदार कश्यप ने मुरकुची और पखना कोंगेरा में दी सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

वन मंत्री केदार कश्यप ने मंगलवार को नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बस्तर विकासखंड में विकास की नई इबारत लिखी। क्षेत्र के सघन दौरे के दौरान मुरकुची और पखना कोंगेरा में आयोजित भव्य कार्यक्रमों में शिरकत की, जहाँ उन्होंने विधायक निधि से स्वीकृत कुल 56 लाख रुपये की लागत वाले विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन कर ग्रामीणों को बड़ी सौगात दी। इन कार्यक्रमों के माध्यम से क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए 10 महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों की आधारशिला रखी गई, जिससे स्थानीय स्तर पर आवागमन और सामुदायिक सुविधाओं में व्यापक सुधार सुनिश्चित होगा।

केदार कश्यप ने कहा कि बस्तर का समग्र विकास केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे धरातल पर उतारना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने भावुक स्वर में कहा कि वनांचल क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों की राह में आने वाली हर बाधा को दूर करना उनका लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पुलियाओं का निर्माण केवल ईंट और सीमेंट का ढांचा नहीं है, बल्कि यह गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने वाली जीवनरेखा है। उन्होंने पूर्ववर्ती कठिनाइयों का स्मरण कराते हुए कहा कि बरसात के दिनों में छोटे-छोटे नालों के उफान पर होने के कारण ग्रामीणों, विशेषकर स्कूली बच्चों और मरीजों को जो परेशानियां झेलनी पड़ती थीं, अब ये नई पुलियाएं उन समस्याओं का स्थायी समाधान बनेंगी। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में चल रही जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना ही सुशासन की असली पहचान है। उन्होंने मीटर की पुलियाओं के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि ये निर्माण कार्य स्थानीय परिवहन को सुगम बनाएंगे और कृषि उत्पादों को बाजार तक पहुँचाने में किसानों की मदद करेंगे। साथ ही तारागांव में सामुदायिक भवन के निर्माण का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए गांवों में सुरक्षित और पक्के भवनों का होना अनिवार्य है, ताकि ग्रामीण समाज एकजुट होकर अपनी परंपराओं का निर्वहन कर सके।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, जनपद पंचायत अध्यक्ष संतोष बघेल सहित जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी ग्रामीण उपस्थित थे।



### बुनियादी सुविधाओं का विस्तार निरंतर जारी रहेगा

कश्यप ने ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए अपील की कि वे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर स्वयं भी नजर रखें, क्योंकि यह संपत्ति उनकी अपनी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नारायणपुर विधानसभा के हर कोने में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार निरंतर जारी रहेगा और धन की कमी को कभी विकास में बाधक नहीं बनने दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने मंत्री का पुष्पहारों से आत्मीय स्वागत किया और क्षेत्र में आ रही इस विकास की लहर के लिए शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# माहेश्वरी युवा संगठन को मिला नया नेतृत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- विकास राठी बने अध्यक्ष, विशाल राठी सचिव निर्वाचित



माहेश्वरी युवा संगठन के सत्र 2026–2028 के लिए अध्यक्ष एवं सचिव पद का चुनाव माहेश्वरी भवन में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से विकास राठी को अध्यक्ष एवं विशाल राठी को सचिव निर्वाचित किया गया।

चुनाव अधिकारी मनीष इनानी एवं प्रवीण गांधी के मार्गदर्शन में पूरी प्रक्रिया हुई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सेवा,त्याग और सदाचार के पथ पर चलते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने सभी वरिष्ठजनों,युवा साथियों एवं मातृशक्ति के सहयोग और विश्वास के लिए कृतज्ञता प्रकट की तथा संगठन को शहर,जिला,प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक सशक्त बनाने का संकल्प दोहराया।

उन्होंने पूर्व कार्यकारिणी के योगदान को भी सराहा और सत्र 2023–2026 के सफल कार्यकाल के लिए निवर्तमान अध्यक्ष राकेश राठी, सचिव गोपाला चांडक एवं उनकी टीम को बधाई दी। उनके कार्यों को संगठन के लिए प्रेरणास्त्रोत बताते हुए नई टीम ने उसी समर्पण के साथ आगे बढ़ने की प्रतिबद्धता जताई।

नवगठित टीम ने स्पष्ट किया है कि आने वाले कार्यकाल में संगठनात्मक एकता, सामाजिक सेवा,युवा सशक्तिकरण और सांस्कृतिक गतिविधियों को प्राथमिकता दी जाएगी। सभी सदस्यों के सहयोग और सहभागिता से संगठन को नई दिशा देने का लक्ष्य रखा गया है,जिससे समाज में सकारात्मक योगदान के साथ-साथ माहेश्वरी युवा संगठन की पहचान और प्रभाव को व्यापक स्तर पर स्थापित किया जा सके।

## आजादी के लिए शहादत देने वाले देशभक्तों को किया याद



**जगदलपुर।** महान क्रान्तिकारियों भगतसिंह, सुखदेव और राजगुरु के शहादत दिवस पर उनका स्मरण करते हुए 23 मार्च को प्रगतिशील लेखक संघ जगदलपुर द्वारा ऑल इंडिया वीमेंस फेडरेशन, ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन और ऑल इंडिया स्टुडेंट फेडरेशन के साथ कार्यक्रम इंद्रजीत सिंह भवन में किया गया । आरंभ में जगदीश चन्द्र दास ने स्वतंत्रता आंदोलन में क्रांतिकारी संगठनों और क्रांतिकारियों की ब्रिटिश साम्राज्यवाद के विरुद्ध संघर्ष की पृष्ठभूमि रखी। शहीदे आजम भगतसिंह की प्रखर वैचारिक चेतना पर अपने विचार रखते हुए त्रिशिया झाड़ी, महेंद्र सोरी, मंगलराम और मदन आचार्य ने उन्हें युगांतरकारी क्रांतिकारी कहा जिन्होंने महज तेईस साल की उम्र में वो विरासत दी जिससे देश के युवा और राजनेता युगों तक प्रेरणा लेते रहेंगे। कार्यक्रम में राधा झाड़ी, महंती बघेल, भक्तु राम वट्टी, फूलधर मंडावी, जुगधर कुंजाम, राजेश कोर्राम, राजेंद्र सेठिया ,बालमन राम, धन्नू सोढ़ी, पप्पू राम, भुनेश्वर कश्यप, लखमा कवासी, दीपक मुचाकी ,सुनील मंडावी, गुड्डू मुचाकी, गणेश कुमार मरकाम, चंदन कश्यप, तुला सोढ़ी, हड़मा मरकाम, सुरेश मरकाम,राजू कश्यप तथा हरीश कुमार उपस्थित थे।

# राम जन्मोत्सव समिति एवं विश्व हिंदू परिषद ने निकाली चुनरी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- मातृशक्ति की सहभागिता से दंतेश्वरी मंदिर में हुआ भव्य आयोजन
- आज आमंत्रण बाइक रैली, जन-जन को दिया जाएगा निमंत्रण



राम नवमी के पावन अवसर को लेकर नगर में धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक उत्साह का वातावरण बना हुआ है। विभिन्न आयोजनों की श्रृंखला के तहत 23 मार्च को राम जन्मोत्सव समिति एवं विश्व हिंदू परिषद द्वारा भव्य चुनरी यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें नगर की सैकड़ों मातृशक्ति ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। काशी से लाई गई पवित्र चुनरी को बस्तर की आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी को अर्पित कर विधिवत पूजा-अर्चना की गई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

इस आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ किया, बल्कि सामाजिक एकता और सहभागिता का भी संदेश दिया। आयोजन को सफल बनाने में राम जन्मोत्सव समिति एवं विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका रही, वहीं मातृशक्ति की बड़ी भागीदारी ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की।

राम नवमी के आयोजन को और व्यापक स्वरूप देने के लिए 25 मार्च को दोपहर 3 बजे दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण से आमंत्रण बाइक रैली निकाली जाएगी। इस रैली के माध्यम से बजरंग दल के कार्यकर्ता नगर के प्रत्येक वार्ड एवं आसपास के ग्रामों तक पहुंचकर सनातन समाज को राम जन्मोत्सव में सम्मिलित होने का निमंत्रण देंगे। इस वर्ष आयोजन में बस्तर के जनजातीय समाज को विशेष महत्व दिया गया है, जिसके तहत स्थानीय नृत्य दलों को आमंत्रित कर बस्तर की समृद्ध कला, संस्कृति और लोक परंपराओं की झलक प्रस्तुत की जाएगी।

राम जन्मोत्सव समिति की उपाध्यक्ष जविता मंडावी एवं विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सह मंत्री रवि ब्रह्मचारी द्वारा आयोजन की जानकारी देते हुए समस्त सनातन समाज से अपील की गई कि वे इस धर्मकार्य में बढ़-चढ़कर सहयोग करें और बाइक रैली में अधिक से अधिक युवा सहभागिता सुनिश्चित कर एकता का परिचय दें।

# गर्मी में परेशान लोगों को मिलेगी राहत

विधायक ने चार पंचायतों को दिए टैंकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम



जिले में बढ़ती गर्मी और जल संकट की आशंका को देखते हुए विधायक विक्रम मंडावी ने चार ग्राम पंचायतों को पानी के टैंकर उपलब्ध कराए। 23 मार्च को ग्राम कुटरू में आयोजित कार्यक्रम के दौरान यह टैंकर ग्रामीणों को सौंपे। विधायक के नेशनल पार्क दौरे के दौरान ग्राम पंचायत सैंड्रा, एडापल्ली, बड़ेकाकलेड एवं सागमेटा के ग्रामीणों ने पेयजल समस्या को लेकर पानी के टैंकर की मांग रखी थी। ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए विधायक निधि से टैंकर उपलब्ध कराने की घोषणा की थी, जिसे अब अमल में लाया गया।

कार्यक्रम में संबंधित पंचायतों को पानी के टैंकर सौंपे गए, जिससे आने वाले गर्मी के दिनों में पेयजल संकट से काफी हद तक राहत मिलने की उम्मीद है। टैंकर मिलने से ग्रामीणों में उत्साह देखा गया उन्होंने विधायक का आभार माना। ग्रामीणों ने कहा कि हर साल गर्मियों में पानी की समस्या गंभीर हो जाती है, लेकिन इस बार पहले से व्यवस्था होने से उन्हें काफी राहत मिलेगी।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष लालू राठौर, शंकर कुड़यिम, सोमारू राम नाग, संतोष यालम सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के सरपंच एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।



### बेड़ागांव के हिंगलाज शक्तिपीठ पहुंचे केदार

जगदलपुर। बकावंड ब्लाक के प्राचीन देवी हिंगलाजिन मंदिर में मंगलवार को वन मंत्री केदार कश्यप ने पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना की। मंदिर के संरक्षक अजय सिंह बैस तथा पुजारी समेत सेवादारों ने उनका स्वागत किया। मंदिर की व्यवस्था एवं सुविधाओं पर उन्होंने चर्चा की।

# सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक संरक्षण पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- बस्तर की परंपरा और सांस्कृतिक विरासत पर विशेष चर्चा



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष अंतर्गत चतुर्थ चरण में जिला स्तरीय प्रमुखजन गोष्ठी का आयोजन कृषि महाविद्यालय के सभागार में किया गया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के प्रमुखजनों की उपस्थिति में समसामयिक सामाजिक, सांस्कृतिक एवं वैचारिक विषयों पर गंभीर चर्चा हुई।

गोष्ठी के दौरान वक्ताओं ने वर्तमान सामाजिक चुनौतियों पर अपने विचार रखे। धर्मांतरण की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा गया कि केवल विधायी उपाय पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग को सजग और सक्रिय भूमिका निभानी होगी। सामाजिक जागरूकता, संवाद और समरसता के माध्यम से ही इस चुनौती का स्थायी समाधान संभव है।

मुख्य वक्ता द्वारा बस्तर के अबूझमाड़ क्षेत्र में जनजातीय समाज के बीच फैलाई जा रही भ्रांतियों पर प्रकाश डालते हुए उन्हें दूर करने की आवश्यकता बताई गई। भगवान राम और माता शबरी के प्रसंग का उल्लेख करते हुए सामाजिक समरसता और समानता का संदेश दिया गया। साथ ही बस्तर की पारंपरिक जीवन शैली, प्रकृति पूजा,सांस्कृतिक विरासत और वर्तमान परिवर्तनों के बीच संतुलन बनाए रखने पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के अंत में शंका समाधान सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें उपस्थितजनों के प्रश्नों के उत्तर दिए गए।

कार्यक्रम में अखिल भारतीय सह संपर्क प्रमुख भरत भूषण, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम,प्रांत संघचालक टोपलाल वर्मा एवं जिला संघचालक योगेश्वर सिन्हा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

गोष्ठी में सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक संरक्षण और जागरूकता को केंद्र में रखते हुए विभिन्न पहलुओं पर क्रमबद्ध चर्चा की गई, जिसमें धर्मांतरण की चुनौती से निपटने के लिए समाज की सक्रिय भागीदारी, जनजातीय क्षेत्रों में फैल रही भ्रांतियों के निराकरण की आवश्यकता,भगवान राम एवं माता शबरी के प्रसंग के माध्यम से समानता और एकता का संदेश, बस्तर की पारंपरिक जीवनशैली एवं प्रकृति पूजा की महत्ता, तथा बदलते परिवेश में सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण की दिशा में सामूहिक प्रयासों पर विशेष जोर दिया गया।

